# जननी माता का उपकार भुलगया क्यूकर प्यारे हो

जननी माता का उपकार,
भुलगया क्यूकर प्यारे हो।bd।

---

जिसनै गर्भ नो मास तू राखया,
जिसनै लाए कालजे कै राखया,
अपने बचपन की किलकार,
भुलगया क्यूकर प्यारे हो।bd।

---

पेट काट कै तनै खवाया,
जो मांगया तेरे तै दवाया,
रै उस मोह ममता का प्यार,
भुलगया क्यूकर प्यारे हो।bd।

---

जननी मां हो हरि बराबर,
कदे घटा ना इनका आदर,
जुड़रा मां बेटे का तार,
भुलगया क्यूकर प्यारे हो।bd।

---

कह डांगी होज्या मन चाहया,
जै मां का तनै कहन पुगाया,
इनका सिर पै सै जो भार,
भुलगया क्यूकर प्यारे हो।bd।

---

जननी माता का उपकार,
भुलगया क्यूकर प्यारे हो।bd।

**Singer – Narendra Kaushik Ji**
**Upload By – Hannu Dangi Official**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com